## जहर खाने से युवक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ तहसील के लसेडी गांव में एक 30 वर्षीय युवक के जहरीली स्प्रे खा लेने से उपचार के दौरान मौत हो गई है। वहीं घटना के बाद राजगढ थाना पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया। घटना के बाद घायल अवस्था में उसे राजगढ मेहता अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसकी हालात गंभीर होने पर उसे चूरू रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिस पर राजगढ थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह झाझडियां ने बताया कि सरितम पुत्र भानाराम मेघवाल उम्र 32 साल निवासी लसेडी थाना राजगढ ने इस आरोप का मामल दर्ज करवाया है कि 06 सितम्बर को उसका छोटा भाई संजय पुत्र भानाराम मेघवाल उम्र 30 निवासी लसेडी जो कि उनके खेत में काम करने गया हुआ था। रात्रि आठ बजे तक घर पर नहीं आया, तब उसके ताऊ के लडके ने किरण ने उसके भाई को फोन किया तो संजय ने कहा कि मैंने स्प्रे पी ली है। तब किरण व उसकी उसकी माँ वे भागकर खेत में गये तब उसने स्प्रे की बोतल हाथ में ले रखी थी, जिसको उन्होंने छुडा कर अलग कर दी व अपने भाई संजय को इलाज हेतु राजगढ के मेहता अस्पताल ले गए।

# खेतड़ी के अरावली क्षेत्र में खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी क्षेत्र में मंगलवार को अवैध खनन व लकड़ियों की तस्करी के खिलाफ वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। इस दौरान वन विभाग की टीम ने अरावली क्षेत्र से खनन कर पत्थरों से भरे ट्रैक्टर व हरी लकड़ियों से भरी पिकअप को जब्त किया गया है। खेतड़ी रेंजर मुकेश मीणा ने बताया कि टीम की ओर से देवता,

- **अवैध खनन के पत्थरों व लकड़ियों से भरी दो ट्रॉली जब्त**

तातीजा, सिंघाना क्षेत्र में कार्रवाई की गई। टीम ने देवता व तातीजा में प्रतिबंधित पत्थरों से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। वहीं वन विभाग की टीम को देखकर एक ट्रैक्टर चालक ने पत्थरों को सड़क पर ही खाली कर दिया। इसी दौरान लकड़ी तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। प्रतिबंध कीमती रोहिडा की लकड़ियों से भरी पिकअप को भी जब्त किया गया है। रेंजर मुकेश मीणा ने बताया कि वन विभाग की लगातार गश्त होने के बावजूद भी कुछ जगह पर चोरी-छिपे अवैध खनन व लकड़ी तस्करी की जा रही है।



वन विभाग की टीम ने पत्थरों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली व हरी लकड़ियों से भरी पिकअप को जब्त किया।

मुखबिर की सूचना के आधार पर वन विभाग की विशेष टीम का गठन कर खेतड़ी क्षेत्र की अरावली पहाड़ियों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉलियों में अवैध खनन कर पत्थरों के परिवहन करते हुए मिले। जिस पर टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त कर लिया। सिंघाना क्षेत्र में पिकअप के जरिए कीमती प्रतिबंध रोहिड़ा की लकड़ियों का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था, जिसको भी घेराबंदी कर पकड़ ली गई। दोनों ट्रैक्टर ट्राली व लकड़ियों से भरी पिकअप को जब्त कर सिंघाना वन विभाग चौकी में ले जाया गया है।

## झाझडिया का अभिनन्दन किया

**सादुलपुर,** (निसं)। पेरिस पैरा ओलंपिक गेम्स 2024 में 29 पदक जीतने पर भारत के पैरा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं चूरू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी पदमभूषण देवेंद्र झांझडिया का मंगलवार को स्वागत अभिनंदन दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सादुलपुर विधानसभा से भाजपा नेताओं एवं पदाधिकारी द्वारा किया गया। पदमभूषण देवेन्द्र झाझडिया ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार पैरा ओलंपिक गेम्स में 29 पदक मिले हैं। वहीं स्वागत अभिनन्दन करते हुए सादुलपुर से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने कहा कि भारत को पैरा ओलंपिक गेम्स में 29 पदक मिले हैं जिनका पूरा योगदान पदमभूषण देवेंद्र झाझडिया को जाता है। इसी दौरान सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा जिला मंत्री डॉ. कौशल पूनिया, पूर्व उप जिला प्रमुख सुरेंद्र स्वामी, भाजपा नेता जोगेंद्र झाझडिया, विमल पूनिया, एडवोकेट विरेन्द्र पूनिया, डॉ. मानसिंह राठौड, रामवतार बैरासरिया, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण जांगिड, चांदगोठी मंडल अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य धर्मवीर सुलखणिया, गुलपुरा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीचंद मेघवाल, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष जगदीश प्रजापत, भरत सिंह झाझडिया, नत्थू राम प्रजापत, पवन रेडू, विकास खेतलान, मुकेश गुलपुरा व जितेन्द्र सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया



**झुंझुनूं,** (निसं)। सीकेआरडीएम अस्पताल में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल चेयरमैन डॉ. लालचंद ढाका तथा डॉ. संतोष ढाका के नेतृत्व में चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों, कर्मचारियों, मरीजों और मरीजों के साथ आए परिजनों ने आत्महत्या के खिलाफ लड़ाई लड़ने की शपथ ली। सभी ने सामूहिक शपथ ली कि वे आत्महत्या के खिलाफ लड़ाई में एक साथ खड़े रहेंगे।

### प्रभारी मंत्री शुक्रवार को सीकर में

**सीकर,** (निसं)। वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौघोगिकी विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा 13 सितम्बर शुक्रवार को सीकर व नीमकाथाना के दौरे पर रहेंगे। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि प्रभारी मंत्री शर्मा 13 सितम्बर शुक्रवार को जयपुर से प्रातः 07:30 बजे प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे सीकर सर्किट हाउस पहुचेंगे, जहां जनसुनवाई व पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक लेंगे। प्रभारी मंत्री संजय शर्मा प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में बजट वर्ष 2024-25 की घोषणाओं का क्रियान्वयन, वर्षा, अतिवृष्ठि की स्थिति की समीक्षा एवं जिले से संबंधित योजनाओं, कार्यो के संबंध में बैठक लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रभारी मंत्री शर्मा सीकर से दोपहर एक बजे प्रस्थान कर दोपहर 2:50 बजे नीमकाथाना पहुंचेंगे तथा अपरान्ह 3 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार नीमकाथाना में बजट वर्ष 2024-25 की घोषणाओं का क्रियान्वयन, वर्षा, अतिवृष्ठि की स्थिति की समीक्षा एवं जिले से संबंधित योजनाओं, कार्यो के संबंध में बैठक लेंगे। प्रभारी मंत्री शर्मा सायं 5 बजे नीमकाथाना से अलवर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### गजानन के दरबार भक्तों से गुलजार



**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा शहर में गणपति पांडालों में गजानन के दरबार भक्तों से गुलजार हो रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों को पहुंच रहे हैं। विवेकानंद चौक में चौक के राजा के दरबार को भी प्रतिदिन अलग अलग झांकी के रूप में सजाया जा रहा है। सुबह सीआई विनोद सामरिया ने सपत्नीक पूजा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से साम्प्रदायिक सौहार्द बढ़ता है और एकता की भावना जागृत होती है। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा की। पंडित सुनील शर्मा भोला के सानिध्य में हुई पूजा में सुभाष पंवार ने भी भाग लिया। भगवान गणपति की मूर्ति का तिलक लगाकर व भोग लगाया गया। इसके बाद आरती हुई जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इधर जगदीश मंदिर के पास, लोहिया स्कूल के पास, अड़ावतिया कॉलोनी, गौशाला रोड सहित विभिन्न स्थानों पर पांडालों को बेहद शानदार तरीके से सजाया गया है। कार्यकर्ता पांडालों में दिनभर कार्यक्रमों को लेकर जुटे रहते हैं। वहीं आज शाम को बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### स्वरोजगार के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीकर,** (निसं)। परियोजना प्रबन्धक अनुजा निगम, सीकर प्रियंका पारीक ने बताया कि राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम जयपुर के निर्देशानुसार पीएम-एजेएवाई योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के परिवारों को स्वरोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण व अनुदान उपलब्ध करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि आवेदक राजस्थान का मूल निवासी एवं अनुसूचित जाति का सदस्य तथा आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। वहीं 2.50 लाख रुपये तक का वार्षिक आय वाले परिवारों को प्राथमिकता देने का प्रावधान किया गया है। आवेदक पूर्व में अनुजा निगम की किसी भी योजना में अनुदान प्राप्त नही किया हो तथा आवेदक पर किसी ऋणदात्री संस्था, अनुजा निगम, बैंक अथवा सरकार का अवधिपार ऋण बकाया नहीं होना चाहिए। आवेदक शहरी क्षेत्र के लिए संचालित योजनाओं के लिए नगरपालिका नगरपरिषद, नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित पंचायत समिति से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर पोप (ग्रामीण एवं शहरी), ऑटोरिक्शा, ई रिक्शा योजना, उन्नत नस्ल गाय, भैंस योजना तथा मुद्रा ऋण योजना का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए अनुजा निगम कलेक्ट्रेट सीकर में सम्पर्क कर सकते है।

### दिनेश गुर्जर जिला प्रभारी नियुक्त

**झुंझुनूं,** (निसं)। भरगड़ों की ढाणी निवासी दिनेश गुर्जर को राष्ट्रीय गौरक्षक सेना के जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय गौरक्षक सेना कै राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र पहलवान की अनुशंसा पर पर दिनेश गुर्जर की जिला प्रभारी के रूप में नियुक्ति की हैं। इधर, प्रदेश संगठन सचिव सुलतान सिंह गुर्जर समेत अन्य ने दिनेश गुर्जर को बधाई प्रेषित की।

# पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर भागे बदमाश

**खेतड़ी,** ( निसं)। खेतड़ी में नाकाबंदी के दौरान पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर भागे बदमाशों का पुलिस रातभर तलाश करती रही, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया। इस दौरान पुलिस ने खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन क्षेत्र से वारदात के दौरान काम में ली गई गाड़ी को बरामद कर लिया। थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत ने बताया कि सोमवार दोपहर को कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि उदयपुरवाटी क्षेत्र से बाइक पर जा रहे युवक का स्कॉर्पियो गाड़ी में आए बदमाश अपहरण कर ले गए। इसके लिए पूरे जिले में नाकाबंदी करवाई गई।

बबाई पुलिस को बदमाशों की गाड़ी के बारे में जानकारी मिलने पर उन्होंने पीछा किया तो बदमाश खेतड़ी की तरफ से हरियाणा जाने वाले थे। जिसको लेकर खेतड़ी पुलिस की ओर से उप जिला अस्पताल के सामने नाकाबंदी कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान तेज गति से आ रही स्कार्पियो गाड़ी को जब रोकने लगे तो स्कॉर्पियो ड्राइवर ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारते हुए वापस गाड़ी को घुमा भाग गए। इसके बाद खेतड़ी व बबाई पुलिस की ओर से

- **खेतड़ी की पहाड़ियों में बदमाशों की रातभर तलाश करती रही पुलिस**
- **बदमाशों ने उदयपुरवाटी क्षेत्र से युवक का अपहरण किया था**

बदमाशों का पीछा किया गया तो वह खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन में चले गए। उसरिया की ढाणी के पास बदमाशों की गाड़ी आगे नहीं निकल पाई तो वह गाड़ी को वहीं छोड़कर पहाड़ियों में भाग गए। पुलिस की ओर से पहाड़ियों में सर्च आपरेशन चलाया गया, लेकिन आरोपियों का सुराग नहीं लग पाया। जिस पर पुलिस ने वारदात के दौरान काम में ली गई गाड़ी को जब्त कर थाने लाया गया। बदमाशों ने उदयपुरवाटी क्षेत्र के ककराना निवासी मनोज गुर्जर पुत्र मुलचंद का अपरहण किया था। इसके बारे उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने के बाद पुलिस पीछे होने के डर से बबाई थाना क्षेत्र के कालोटा के पास पटक कर फरार हुए थे।

## तेजादशमी के लिए गांव-ढाणियों में जनसंपर्क किया

**पाटन,** (निसं)। वीर तेजाजी महाराज के बलिदान दिवस पर शुक्रवार को नीमकाथाना के वीर तेजाजी शिक्षण संस्थान से समिति के पदाधिकारी तेजादशमी समारोह को भव्य बनाने को लेकर गांव-ढाणियों में जनसंपर्क कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान लोगों में तेजादशमी के लिए खासा उत्साह देखा जा रहा है।

विशाल शोभायात्रा व सांस्कृतिक आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा जोरों शोरों से जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जो की गांव गांव - गांव, ढाणी- ढाणी पहुंचकर लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं और पोस्टर का विमोचन करवाया जा रहा है। वीर तेजाजी सेवा समिति द्वारा जिलेभर में निमंत्रण देने व पोस्टर विमोचन का दौर शुरू हो गया है, इसी कड़ी में आज जनसंपर्क यात्रा जिले के कई गांवों ढाणियों में पहुंची और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आने को लेकर आग्रह किया। जनसंपर्क यात्रा झडाया बालाजी से शुरू होकर ,पचलंगी , पापड़ा, बाघौली , हरिपुरा , जमाडी जोहड़ी , सुनारी , नौरंगपुरा , दलेलपुरा , पदेवा, हरडीया , सांवाली , ढाणी ढेमा , सरदारपुरा होते हुए चुन्दाड़ा पहुंचीं।

# प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा सदस्यता महा अभियान के अंतर्गत आयोजित झुंझुनूं विधानसभा की बैठक को संबोधित करते हुए अभियान के प्रभारी सौरभ सारस्वत ने कहा कि बूथ पर प्रवास करने वाला ही भाजपा का सच्चा कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान संगठन का महापर्व है। जो प्रत्येक पांच वर्ष में आता है। सभी सदस्यों का प्रत्येक पांच वर्ष में नवीनीकरण होता है।

सारस्वत ने सभी शक्ति केंद्र संयोजकों को प्रत्येक बूथ पर 200 भाजपा के सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया। प्रवासी प्रभारी राजेश गुर्जर ने कहा कि सदस्यता अभियान पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि सक्रिय सदस्य ही पार्टी की प्रमुख कड़ी है। सभी कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर सदस्यता के लक्ष्य को पूर्ण करें। सदस्यता अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री सरजीत चौधरी ने बताया कि 11 से 17 सितंबर तक सदस्यता का महा अभियान चलेगा। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा




भाजपा सदस्यता महा अभियान को लेकर झुंझुनूं विधानसभा की बैठक आयोजित।

सदस्यता को गति देना है। इनके अलावा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केके जानूं, उप जिला प्रमुख सतवीर गुर्जर, अभियान के विधानसभा संयोजक जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, बगड़ नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद सिह राठौड़, नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने भी अपने विचार रखे। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा ने किया। इस मौके पर कुलोद मंडल अध्यक्ष सतीश खीचड़, सुलताना मंडल अध्यक्ष बलजीत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद बुधराम सैनी, पार्षद विजय सैनी, नरेंद्र शर्मा, दलिप सैनी, विजेंद्र हटवाल, मनोज कुंडलवाल, सौरभ सोनी, प्रमोद बुडानिया, उमाशंकर महमिया, सुधीर चाहर, सौरभ पुरोहित, सुरेंद्र शर्मा, विजेंद्र सिह इंडाली, प्रताप खटकड़, महावीर शर्मा, नरेश शर्मा बगड़, वीरेंद्र सिह राठौड़, गोपाल सिंह, मुकेश पतुसारी, मनोज कुमावत, कुलदीप बेनीवाल, आशुसिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में विधानसभा के शक्तिकें द्र संयोजक उपस्थित रहे।

# एसपी ने हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखने के लिए अभियान चलाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए सबसे पहले हिस्ट्रीशीटरों पर हमला बोला है। उन्होंने झुंझुनूं जिले के 223 हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखने के लिए 24 घंटे का एक अभियान चलाया।

जिसमें पुलिस जिले के 223 हिस्ट्रीशीटरों में से 84 हिस्ट्रीशीटरों को थाने लाकर उनसे पूछताछ की गई। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि इनमें से 25 हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ पाबंद करने जैसी इंसदादी कार्रवाई की गई।

- **पुलिस जिले के 223 हिस्ट्रीशीटरों में से 84 को लेकर पहुंचे थाने**

वहीं 80 के विस्तृत पूछताछ नोट थाना प्रभारी और सीओ स्तर पर बनाए गए। उन्होंने बताया कि जिले के अभी भी आधे से ज्यादा हिस्ट्रीशीटरों से पूछताछ शेष है। इसलिए इस अभियान को 24 घंटे के लिए, यानि कि बुधवार शाम चार बजे तक बढाया गया है। एसपी ने बताया कि सोमवार शाम चार से मंगलवार शाम चार बजे तक जिले के सभी थानों में 84 हिस्ट्रीशीटरों को बुलाकर पूछताछ की गई। वहीं सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे हिस्ट्रीशीटरों के हर मूवमेंट पर नजर रखे और उनकी क्राइम कुंडली को भी अपडेट रखे। ताकि कोई अपराध इन हिस्ट्रीशीटरों द्वारा किया जाता है तो तुरंत पकड़ा जा सके।

## स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

**रतनगढ़,** (निसं)।संचियालाल बैद राजकीय बालिका उ मा विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया। विद्यालय के कक्षा कक्षों व प्रांगण की सफाई की गई। संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद शर्मा ने स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता को अति आवश्यक बताया। इसके साथ साथ विद्यालय में प्रखर राजस्थान अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक पठन कौशल में प्रवाहशीलता एवम पठन की समझ में सुधार हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस अवसर पर श्रवण ढाका, मनोज सारस्वत, वंदना अग्रवाल, उम्मेदसिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

# वार्डों की कमेटियों का गठन जारी

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारत की जनवादी नौजवान सभा का झुंझुनूं नगर परिषद के वार्ड 18 व 37 की मीटिंग शिक्षक भवन में नगर अध्यक्ष सिकंदर पहाड़ियान की अध्यक्षता संपन्न हुई।

तहसील महासचिव कृष्ण सैनी ने नौजवान सभा के इतिहास के बारे में बताते हुए उद्देश्य और सिद्धांतों के बारे में बताया और कहा कि इस देश के हर नौजवान को भारत की जनवादी नौजवान सभा से जुड़ना चाहिए और अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़नी चाहिए। दोनों वार्ड की कमेटी गठित की गई। वार्ड 18 मोहम्मद सोहेल को अध्यक्ष, मोहित गढ़वाल को महासचिव, सोहेल कायमखानी को उपाध्यक्ष, रेहान चौहान को संयुक्त सचिव उस्मान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसी प्रकार वार्ड 37 की कमेटी में साजिद पहाड़ियान को अध्यक्ष, मोहम्मद साहिल को महासचिव, इरफान खोखर को उपाध्यक्ष, वाजिद खान को संयुक्त सचिव, सलाम शेख कोषाध्यक्ष तथा अल्ताफ खान, मोहम्मद कैफ, समीर, आर्यन, सलीम, नईम खान, आसिफ, मुशर्रफ, रेहान चौहान, सोहेल, नबील, सोहेल कायमखानी, आसिफ, आर्यन को सदस्य बनाया गया।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जन चेतना के कार्यक्रम हुए

**झुंझुनूं,** (निसं)। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले में स्वास्थ्य विभाग ने रैली, शपथ और पोस्टर विमोचन जैसे विभिन्न जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कर जन जागृति का संदेश दिया।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष में नर्सिंग स्टूडेंट्स की ओर

- **स्वास्थ्य विभाग ने रैली, शपथ और पोस्टर विमोचन जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जन जागृति का संदेश दिया**

से रैली निकाली गई। रैली को सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने शहीद पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो शहर के रोड नंबर एक होते हुए जेपी जानूं स्कूल तक पहुंची। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज प्रिंसिपल संतोष सैनी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, डॉ. कपूर थालौर, डीपीसी संजीव महला मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि स्वास्थ्य जयपुर से वीसी और




नर्सिंग स्टूडेंट्स की ओर से रैली निकाली गई।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए एक वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के जाने माने मनोरोग विशेषज्ञों ने आत्महत्या रोकथाम के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस वीसी संवाद में स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, डीपीओ सियाराम पूनियां, एफएलसी शीशपाल सैनी, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. कपूर थालोर सहित सभी अधिकारी स्टाफ फील्ड कार्यकर्ताओ ने लाइव जुड़ कर लाभ उठाया। सीएमएचओ डॉ. डांगी ने बताया कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने आत्महत्या रोकथाम के लिए कई स्तर पर कदम उठा रही है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निशुल्क उपचार सेवाए उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यह बच्चों में खास तौर पर कोचिंग वाले बच्चों में ज्यादा देखने को मिल रही है। इसके विभाग ने एक टोल फ्री नंबर नम्बर 14416 अथवा 18008914416 भी जारी किया है। जिस पर अवसाद से घिरा व्यक्ति सही सलाह ले सकता है। उधर, बीडीके अस्पताल में मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. राकेश साबू, पीएमओ डॉ. संदीप पचार, मनोचिकित्सक डॉ. कपूर थालोर और डॉ. प्यारेलाल भालोठिया ने अस्पताल के स्टाफ को आत्महत्या रोकथाम की शपथ दिलाई और आत्महत्या रोकथाम के विभिन्न उपायों की जानकारी देकर समाज को जागरुक करने का आव्हान किया।

## भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा के बिवाल भवन में पिलानी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा का सदस्यता अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के विविध प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सौरभ सारस्वत ने कंहा कि सदस्यता अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया ने कहा कि यह अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगा। इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी,जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, विकास भालोठिया और मुरलीमनोहर शर्मा भी मंचस्थ रहे और अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान चिड़ावा मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, मण्ड्रैला मण्डल अध्यक्ष ओम सोनी, देवरोड़ मण्डल अध्यक्ष सज्जन कोठारी, डुलानियां मण्डल अध्यक्ष होशियार शर्मा, लाडुंदा सरपंच दलीप स्वामी, पंचायत सीमित सदस्य राजेंद्र नेहरा,पंचायत सीमित सदस्य अरविंद सैनी,पंचायत सीमित सदस्य ख्याली राम सैनी,पंचायत सीमित सदस्य राजकुमार फौजी,पूर्व पंचायत सीमित सदस्य नन्दलाल सैनी,पंचायत सीमित सदस्य सुनिल पुनियां,पंचायत सीमित सदस्य सुभाष योगी,पार्षद राजेंद्र पाल सिंह,जिला मंत्री सुनिता स्वामी, जिला मंत्री रिशाल कंवर, गोविंद सांगवान,ओमप्रकाश सैनी,मुरारी लाल चौहान,महेंद्र सिंह,राजू भाटी, मुकेश सिंह शक्ति केंद्र के संयोजक और कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपा ने महंत व पुजारियों का सम्मान किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनूठी पहल करते हुए नवाचार कर श्रद्धा केंद्र सम्मान अभियान के अंतर्गत सभी मंदिरों और मठों के महंत व पुजारियों को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर एक किट के माध्यम से अंगवस्त्र, शॉल, श्रीफल, हनुमान चालीसा आदि भेंट स्वरूप सम्मान पार्टी पदाधिकारियों के माध्यम से भिजवाया है। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा झुंझुनूं के मंदिरों व मठों के पुजारियों को

- **मंदिरों व मठों के पुजारियों को शॉल, पार्टी दुपट्टा व हनुमान चालीसा भेंट कर सम्मानित किया**

शॉल, पार्टी दुपट्टा ओढ़ाकर व हनुमान चालीसा की पुस्तक के साथ श्रीफल आदि भेंट कर सम्मानित किया।

इस क्रम में मोडा पहाड़ स्थित ओलिया बाबा आश्रम पर संत अमरदास महाराज का चरण वंदन कर मुख्यमंत्री सम्मान किट भेंटकर स्वागत किया। इसी प्रकार समद तालाब स्थित भर्तहरी मंदिर के पुजारी अशोक पांडेय, बाबा शंकरदास आश्रम के पुजारी



मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों ने पुजारियों को सम्मानित किया।

बालकिशन पुरोहित, जमवाय माता मंदिर के पुजारी संदीप ब्याक्यान, चूरु रोड स्थित बंधे बालाजी मंदिर के पुजारी पुष्पेंद्र शर्मा, मंशा माता मंदिर पुजारी राजकुमार पांडे, बदरू की जोहड़ी स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी ऋषि कुमार शर्मा सहित अनेक मंदिरों के पुजारियों का भाजपा का श्रद्धा किट भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने कहा कि भजनलाल शर्मा की यह पहल कार्यकर्ताओं को पुरातन संस्कृति व धार्मिक भावनाओं से जोड़ने वाली है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस अनूठी पहल से भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को मठों व मंदिरों के महंत व पुजारियों के आशीर्वाद के साथ जिला संयोजक सोशल मीडिया चंद्रप्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उमाशंकर महमिया, वरिष्ठ पार्षद विजय कुमार सैनी, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, बूथ अध्यक्ष दयाराम सैनी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।